# पर्यावरण की चिंता, सुजानदेसर गोचर भूमि में 1100 खेजड़ी के पौधे लगाए



सुजानदेसर गोचर भूमि में खेजड़ी के पेड़ लगाते संत सरजू दास महाराज व भागीरथ नंदिनी संस्था के अध्यक्ष मिलन गहलोत।

■ करंज और शीशम के सौ-सौ तथा जामुन के 50 पौधे सहकारी समितियों के माध्यम से वितरित किए गए

**बीकानेर,** (कासं)। सुजानदेसर गोचर भूमि में आज वृक्षारोपण में 1100 खेजड़ी के पौधे लगाये गए।

भागीरथ नंदिनी संस्था के अध्यक्ष मिलन गहलोत ने बताया कि खेजड़ी का राजस्थान में बहुत महत्व है। खास तौर से पश्चिमी राजस्थान में यह पानी के अभाव में भी खत्म नहीं होते जिंदा रहते हैं। एक खेजड़ी के वृक्ष पर सैकड़ों प्रजाति के जीव जंतुओं का जीवन बसर होता है। खेजड़ी पौधों का वृक्षारोपण आज बंसी कक्षा वी के नेतृत्व में हुआ।

आज वृक्षारोपण करने वालों में राष्ट्रीय संत सरजूदास महाराज कवि नेमीचंद गहलोत कलेक्टर ऑफिस से राजेन्द्र पुरी, प्रकाश व रवि पुगलिया, गंगाशहर सैटेलाइट चिकित्सालय का समस्त स्टाफ सैटेलाइट के ऊपर अधीक्षक वी. के. गांधी नर्सिंग स्टाफ के अधीक्षक मोहनलाल मोदी, परमेश्वर लाल सियाग, मनोज प्रजापत, मनोज कुमार पन्नू, विकास सोलंकी, अशोक भाटी, मगन सिंह, अशोक कुमार सेन, संजय, गुरदयाल गहलोत, क्रांति लाल, पिंटू, मुरली प्रजापत, शांतिलाल सांखला, संतोष गहलोत, सुशीला, मुमताज शेख, अफसाना पठान, सीता रामावत, संतराज, अशोक कुमार सेन, प्रहलाद राम चौधरी, तेजाराम बिश्नोई, जाना देवी गहलोत बड़ी संख्या में महिलाएं भी उपस्थित थी।

वहीं नाबार्ड द्वारा जिले में सघन पौधारोपण अभियान के तहत केन्द्रीय सहकारी बैंक तथा 270 सहकारी समितियों पर 'हरियालो राजस्थान' के तहत पौधारोपण किया गया। साथ ही नाबार्ड, केन्द्रीय शुष्क बागवानी संस्थान तथा केन्द्रीय सहकारी बैंक, बीकानेर के माध्यम से सहजन, करंज और शीशम के सौ-सौ तथा जामुन के 50 पौधे सहकारी समितियों के माध्यम से वितरित किए गए।

कार्यक्रम के दौरान सुभाष चौधरी तथा सत्येन्द्र विश्नोई द्वारा सहजन के औषधीय गुणों तथा शीशम से आमदनी को आने वाली पीढ़ी के लिए वरदान बताया। पौधारोपण में केन्द्रीय सहकारी बैंक के योगदान को बताते हुए पौधों को संरक्षित रखने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर नाबार्ड के सहायक महाप्रबंधक रमेश ताम्बिया ने भारत सरकार के सघन वृक्षारोपण अभियान के बारे में बताया और कहा कि नाबार्ड द्वारा सहकारिता विभाग के माध्यम से भारत सरकार के 65 हजार पैक्स कम्प्यूटरीकरण को शीघ्र किया जायेगा। इसके लिए सहकारी समितियों को केन्द्रीयकृत योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। साथ ही लक्ष्य को तय समय में हासिल करने के लिए आधारभूत सुविधाओं को उपलब्ध करवाते हुए सहकारी समितियों को प्रेरित किया गया।

उन्होंने बताया कि नाबार्ड द्वारा सभी सहकारी समितियों को भारत सरकार के डिजीटलीकरण के अंतर्गत पैक्स कम्प्यूटराइजेशन में प्रथम रहने वाली सहकारी समिति को लक्ष्य के अनरूप उचित मानदेय मिले, इस संबंध में नवीनतम दिशा निर्देशों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि नाबार्ड द्वारा जिला प्रशासन तथा सहकारी विभाग के पौधारोपण कार्यक्रम की पहल पर 15 अगस्त तक 1100 पौधे और लगाये जायेंगे।

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मोतीगढ़ के शिक्षक व विद्यार्थियों ने शनिवार को अपनी मां के नाम पर अशोक व चंपा, शीशम आदि के 51 पौधे लगाकर उनकी देखभाल के लिए संकल्प लिया। शाला के कार्यक्रम अधिकारी मोहर सिंह सलावद ने बताया कि इस अवसर पर शाला प्राचार्य सीमा मैथिल ने कहा कि जैसे मां ने आपको पाल कर बड़ा किया, वैसे ही आप अपने मां के नाम के पेड़ का भी वैसे ही पालन पोषण कर प्रकृति का कर्ज उतारें। तभी हमारा जीवन सुरक्षित हो पायेगा।

कार्यक्रम अधिकारी मोहर सिंह सलावद ने कहा कि आज पर्यावरण को बचाने के लिए ये अभियान बिना प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता के गति नहीं पकड़ सकता। इसलिए प्रत्येक बालक पौधारोपण अभियान का ब्रांड एम्बेसडर बनकर अभियान से अपने परिवार के प्रत्येक व्यक्ति को भी जोड़ें व इस अभियान को सफल बनाएं। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों को एक एक पेड़ वितरित करके उन्हे लगाकर बड़े होने तक देखभाल करने की शपथ दिलवाई। कार्यक्रम में प्राचार्य सीमा मैथिल, व्याख्याता विनोद कुमार, उर्मिला, कार्यक्रम अधिकारी मोहर सिंह सलावद, वरिष्ठ अध्यापक धर्मपाल, रीना प्रजापत, जयसिंह राठौड़, विधालय सहायक भंवरसिंह भाटी, शारीरिक शिक्षक भजनलाल आदि मौजूद थे।

## पौधारोपण व कवि सम्मेलन 16 को

**बीकानेर,** (कासं)। द पुष्करणाज फाउंडेशन के द्वारा आज कार्यालय में पुष्करणा दिवस के उपलक्ष्य में हुई बैठक में यह तय हुआ कि पुष्करणा दिवस के उपलक्ष्य में कवि सम्मेलन व वृक्षारोपण किया जायेगा।

पुष्करणा दिवस की पूर्व संध्या पर 16 अगस्त, को सांय 5:30 बजे लक्ष्मीनारायण रंगा सृजन सदन नालन्दा परिसर में कवि सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। साथ ही पुष्करणा दिवस 17 अगस्त को सुबह 8:15 बजे पुष्करणा समाज की बगेचीयों में और स्टेडियम में वृक्षारोपण किया जायेगा।

फाउंडेशन अध्यक्ष राजेश रंगा ने बताया कि पुष्करणा दिवस की पूर्व संध्या पर कवि सम्मेलन में समाज की जाने माने हस्तियां कवि सम्मेलन का पाठ करेगी। जिसमें संजय आचार्य , आनन्द पुरोहित मस्ताना, गोपाल पुरोहित विप्लव व्यास, शंशाक शेखर जोशी बाबूलाल छंगाणी एवं सरल विसारद वरिष्ठ कवि भी अपना कविता पाठ करेंगे। जिसमें खेल, कला, शिक्षा, साहित्य संस्कृति और समाजसेवा पर कविता पाठ होगा। कार्यक्रम संयोजक योगेश व्यास युवा साहित्यकार व कवि होंगे।

फाउंडेशन के सचिव कृष्णचंद पुरोहित ने बताया कि पुष्करणा दिवस के उपलक्ष्य में 17 अगस्त को सुबह 8:15 बजे करूणा क्लब के सहयोग से शहर की पुष्करणा समाज की बगेचीयों व अन्य मैदानों में 51 वृक्षारोपण किया जायेगा साथ ही वृक्षारोपण करने वाले जब तक पौधा पेड़ न बन जाए उसकी देखभाल करने की शपथ दिलाई जायेगी।

## सार-समाचार

### महिलाओं को सुरक्षा पर जानकारी दी



महिला सुरक्षा व आत्मरक्षा जागरूकता कार्यक्रम में महिलाओं को सैनिटरी नैपकिन वितरित किए।

**बीकानेर,** (कासं)। पवनपुरी साउथ में आर. एल. जी संस्थान द्वारा महिला सुरक्षा व आत्मरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्थान अध्यक्ष डॉ. अर्पिता गुप्ता ने कहा कि महिलाओं के साथ लगातार बढ़ रही अपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए प्रशासन के साथ हम महिलाओं को भी आगे आना चाहिए व अपराध व अपराधियों से सजग रहना, अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए। शक्ति का नाम ही नारी है, इस वाक्यांश की सार्थकता और हमारा देश, हमारा समाज तब सशक्त बन सकता है जब हमारे समाज में महिलाएं भी सशक्त होगी। महिलाएं ही घर परिवार की नींव होती हैं। सशक्त महिला ही अपने घर परिवार समाज व देश के लिए सभी क्षेत्रों में अपने योगदान से वहां का उत्थान कर सकती है। महिला सशक्तिकरण के लिए सर्वप्रथम यह जरूरी है कि महिलाएं शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से मजबूत एवं जागरूक हो। स्नेहा शर्मा ने महिलाओं को वूमन पावर हेल्पलाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, पुलिस कंट्रोल 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 आदि के बारे में जानकारी दीं। संस्थान द्वारा उपस्थित सभी महिलाओं को सैनिटरी नैपकिन वितरित किये गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में रूखसार, ज्योति खत्री, अंजू, लीलावती बिनावरा, सरोज बिनावरा, अस्मा, रेशमा, हारुन, रजनी, पूजा, निशा, राधिका, सिमरन, नव्या, मीनाक्षी, शिखा, रश्मि, वैशाली, राधिका,चेतना इत्यादि उपस्थित रहे।

### शहीद की वीरांगना टंकी पर चढ़ी

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिले की भादरा तहसील के शिवपुरा बास में रह रही गांव शेरड़ा निवासी शहीद सैनिक देशराज चाहर की वीरांगना शकुन्तला चाहर ने सुबह बस स्टैण्ड के उच्च जलाशय पर तिरंगे के साथ चढ़कर अतिक्रमण व लेनदेन से संबंधित सुनवाई नहीं होने पर नाराजगी जताई। शुक्रवार सुबह साढ़े छह बजे शहीद सैनिक की पत्नी वीरांगना शकुन्तला चाहर मुख्य बस स्टैण्ड के उच्च जलाशय पर चढ़ गई। हाथ में तिरंगा लेकर अतिक्रमण व लेनदेन संबंधित विवाद का निस्तारण नहीं होने पर नाराजगी व आक्रोश जताया। घटना की सूचना मिलने पर भादरा थानाधिकारी हनुमानाराम बिश्नोई ने उच्च जलाशय के पास सुरक्षा व्यवस्था करने एवं शहीद सैनिक की वीरांगना शकुन्तला चाहर से वार्ता कर कार्यवाही के लिए आश्वस्त करते हुए दोपहर एक बजे शकुन्तला चाहर को नीचे उतारा। भादरा थानाधिकारी ने शकुन्तला चाहर की उपखण्ड अधिकारी भादरा से भी वार्ता करवाई व कार्यवाही के लिए आश्वस्त किया।

### पानी की टंकी पर बिना सुरक्षा निर्माण

**बीकानेर,** (कासं)। यहा सरकारी स्तर पर होने वाले निर्माण कार्यों में नियमों की अवहेलना आम बात हो रही है। ताजा मामला सर्किट हाउस के पीछे चल रहे पानी की टंकी के निर्माण का सामने आया है। टंकी निर्माण में लगे श्रमिक बिना सुरक्षा उपकरण काम कर रहे हैं। इस तरह जान जोखिम में काम कर रहे श्रमिकों का वीडियो भी सोशल प्लेटफार्म पर वायरल हो रहा है। वीडियो में साफतौर पर देखा जा सकता है कि कई श्रमिक बिना किसी सुरक्षा कवच के काम कर रहे हैं। बारिश के मौसम में बिना सुरक्षा इंतजामों के चल रहे इस कार्य से निर्माण एजेंसी और पीएचईडी विभाग अनभिज्ञ नजर आ रहे है। जागरूक लोगों के अनुसार नियमों की अवहेलना करके कराये जा रहे कार्य से हादसे की आशंका बनी हुई है। इसलिए सिस्टम को इस मामले को संज्ञान में लेना चाहिए।

### विशाल रात्रि जागरण किया

**सीकर,** (निसं)। श्याम दिवानों ने विगत रात्रि यहां बद्रीविहार में आयोजित विशाल रात्रि जागरण में नाच गाकर बाबा के दरबार में धूम मचा दी। शाम के समय पं. सौरभ व्यास द्वारा बाबा की ज्योत लेने के बाद एक से बढकर एक भजन, धमाल व पुराने भजन गाकर विभिन्न गायक गायिकाओं ने शमा बांध दिया। मध्य रात्रि के बाद भी श्रद्धालु भजनों पर झूमते नाचते रहे। श्याम बाबा भजन समिति के संयोजक सचिव श्यामभक्त भजन गायक रामगोपाल गोपी ने अपने स्वरचित नये भजनों से कार्यक्रम को प्रारम्भ किया। उन्होंने लगातार एक से बढकर एक रचनाएं श्यामप्रभु को रिझाने के लिए गाई, जिन्हें सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गये। बाद में भजन गायक श्यामसुन्दर रूपगढ़वाले, यश चौहान, अनिता शर्मा, वन्दना राठौड़, शिवरतन शर्मा आदि ने भी अपने भजनों से बाबा को रिझाया। जागरण में समिति के कार्यकारी अध्यक्ष पवन गिनोड़िया, अध्यक्ष राजकुमार त्रिपाठी, दिनेश शर्मा,आदि सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

### खेतड़ी में तिरंगा रैली निकाली

**खेतड़ी,** (निसं)। खेतड़ी कस्बे के राजकीय जयसिंह स्कूल में शनिवार को तिरंगा अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों को आजादी के अमृत महोत्सव की जानकारी देते हुए लोगों को जागरूक कर राष्ट्रीय ध्वज के महत्व की जानकारी दी गई। स्कूल प्राचार्य जिले सिंह ने बताया कि देश की स्वतंत्रता को लेकर केंद्र सरकार की ओर से हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन किया जा रहा है, जिसको लेकर घोषित लोग काफी उत्साहित हैं। वहीतिरंगाअभियान को लेकर प्रचार प्रसार कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। आजादी महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर युवा मंडल, स्वयं सेवी संस्था व अन्य संगठन लोगों को देश की आजादी के महत्व की जानकारी देते हुए जागरूक कर रहे हैं।

### पोस्टर प्रतियोगिता

**सादुलपुर,** (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सिद्धमुख द्वारा शनिवार को तिरंगा यात्रा एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं देशभर में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में चलाए जा रही तिरंगा यात्रा, 'घर- घर तिरंगा, हर घर तिरंगा' के अंतर्गत सिद्धमुख गांव के मुख्य चौक से तिरंगा यात्रा निकाली गई।

# वकील के घर चोरी मामले में चोर जेल से गिरफ्तार

■ दो साल बाद कुरूक्षेत्र निवासी सीआरपीएफ से बर्खास्त जवान पुलिस की पकड़ में आया

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जंक्शन स्थित सिविल लाइन में अधिवक्ता के सूने घर से लाखों रूपए के जेवरात वगैरह चोरी मामले में आखिरकार जंक्शन पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। करीब पौने दो साल बाद इस प्रकरण में यह गिरफ्तारी प्रोडक्शन वारंट पर की गई है।

वारदात में दो जने शामिल बताए गए। गिरफ्तार आरोपी सुनील उर्फ फौजी निवासी कुरूक्षेत्र पहले सीआरपीएफ में जवान था। उसे सीआरपीएफ से बर्खास्त कर दिया गया था। इसके बाद वह अपने साथी अखलाक मोहमद निवासी मेरठ के साथ मिलकर चोरी आदि की वारदातें अंजाम देने लगा। उसके खिलाफ पूर्व में भी कई मुकदमे दर्ज हैं।

गौरतलब है कि अधिवक्ता मोहन मुंजाल के मकान से 15 नवबर 2022 को अज्ञात चोर दिनदहाड़े लाखों रूपए के जेवरात, नकदी, दस्तावेज, इन्वर्टर वगैराह चुरा कर ले गए थे। अधिवक्ता कोर्ट में थे तथा उनकी अध्यापिका पत्नी ड्यूटी पर थी। शाम को घर लौटने पर वारदात का पता चला। पुलिस ने सूचना तंत्र के आधार पर चोरी की वारदात में शामिल आरोपियों की पहचान सुनील उर्फ फौजी तथा अखलाक मोहमद के रूप में की। दोनों वारदात के बाद से फरार चल रहे थे। दोनों पर पुलिस अधीक्षक ने पांच-पांच हजार रूपए का इनाम घोषित कर रखा था। आरोपी सुनील उर्फ फौजी के खिलाफ कुरूक्षेत्र में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज हुआ था। कुरूक्षेत्र की पुलिस ने उसे गत दिनों गिरफ्तार किया। जंक्शन पुलिस सुनील उर्फ फौजी को कुरूक्षेत्र कारागृह से प्रोडक्शन वारंट पर हनुमानगढ़ लाई है। उससे बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं। अखलाक मोहमद का अभी तक कोई पता नहीं चला है।

जांच अधिकारी शिवनारायण ने बताया कि आरोपी सुनील उर्फ फौजी 2007 में सीआरपीएफ में नियुक्त हुआ था। उसे 2016 में बर्खास्त कर दिया गया था। उसके बाद से वह अलग-अलग लोगों के साथ मिलकर देश भर में चोरी-लूट आदि की वारदातों को अंजाम देने लगा। अभी तक प्राप्त रिकॉर्ड में सुनील उर्फ फौजी के खिलाफ पूर्व में एनडीपीएस, मारपीट, लूट व चोरी के मुकदमे दर्ज होने की बात सामने आई है। एडवोकेट के घर चोरी के बाद बार संघ सदस्यों ने कार्य बहिष्कार कर एसपी कार्यालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया।

## हार्ट हॉस्पिटल की दूसरी मंजिल से गिरे वृद्ध की मौत

**बीकानेर,** (कासं)। पीबीएम अस्पताल के हल्दीराम मूलचंद हार्ट हास्पिटल में देर रात हुए एक हादसे में अस्पताल में भर्ती एक मरीज की दूसरी मंजिल से गिरकर दर्दनाक मौत हो गई।

मृतक की पहचान नागौर के बासेरी के रहने वाले हीर सिंह के रूप में हुई। हीर सिंह अस्पताल के दूसरी मंजिल के काटेज वार्ड नंबर 210 में भर्ती था। देर रात वह लघुशंका के लिए उठा कॉटेज का शौचालय खराब था इसलिए वह 212नंबर काटेज में बने शौचालय में शौच करने के लिए जा रहा था भूलवश वह कॉटेज से पहले बने सेफ्टी गेट में चला गया इसी दौरान उसका संतुलन बिगड़ गया और वह दो मंजिल से नीचे आ गिरा। आसपास मौजूद लोग उसे इलाज के लिए ट्रोमा सेंटर ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। देर रात को हुई इस घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है।

# तरणताल में डूबने से युवक की मौत

■ तरणताल में आठ माह से सीख रहा था तैराकी, व्यवस्थापक के खिलाफ मामला दर्ज कराया

**बीकानेर,** (कासं)। यहां मेडिकल कॉलेज मैदान स्थित तरणताल में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। युवक के पिता की रिपोर्ट पर पुलिस ने तरणताल व्यवस्थापक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार परिवादी गोपाल लाल मोदी निवासी जयनारायण व्यास कॉलोनी ने रिपोर्ट दी है कि उसका पुत्र कार्तिक मेडिकल कॉलेज मैदान तरणताल में तैराकी सीखने के लिए लगभग 8 महीने से जा रहा था। 9 अगस्त को सुबह साढे सात बजे वह तरणताल गया। इसके बाद 9.32 एएम बजे फोन आया कि उसके पेट में पानी भर गया है आप तुरंत ट्रोमा सेंटर आ जाओ। जब हम वहां पहुंचे तो वो लोग वहां से फरार हो गए थे और तरणताल व्यवस्थापक विजय शर्मा की लापरवाही से बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच एएसआई मांगीलाल को सौंपी गई है।

वहीं बीकानेर में नकली पुलिसवाला बनकर एक महिला से रूपए मांगने तथा साइबर फ्रॉड का प्रयास करने का मामला सामने आया है। साइबर थोना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार माजीसा की बाडी निवासी रेखा सांखला पत्नी विक्रम सिंह सांखला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात जने नकली पुलिसकर्मी बनकर मोबाइल पर वीडियो कॉल कर रूपए मांग रहे हैं।

# 'तपस्या के लिए तन-मन मजबूत होना जरूरी'

**नोखा,**(कासं)। जोरावरपुरा तेरापंथ भवन में आचार्य श्री महाश्रमण की सुशिष्या शासन श्री साध्वी शशिरेखा के सानिध्य में तपस्वी भाई ईश्वरचंद छाजेड़, ऋषि छाजेड़ व सोनम वैद का तप अनुमोदन कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम की शुरूआत मंगलाचरण से ममता पारख ने की।

साध्वी श्री जी पहले भगवान ऋषभ से लेकर भगवान महावीर तक की तपस्या के बारे में बताया। हमारा शरीर औदारिक है, जब तक अंतराय कर्म का क्षयोपशम नहीं होगा तपस्या नहीं होगी। आचार्य कालूगणी ऋषि राय के अनेक उदाहरणों से बताया कि तपस्या के लिए तन और मन मजबूत होना आवश्यक है। हमारा जैन धर्म त्याग और तपस्या की खाद है। यह तपस्या पांचवें आरे तक चलेगी। हमारा धर्म संघ चतुर्वित धर्म संघ है। आचार्य भिक्षु से लेकर आचार्य महाश्रमण तक अनेक तपस्या इस धर्म में हुई है। सभी चरित्र आत्माओं द्वारा गीतिका का संगान किया गया।

साध्वी रोहित प्रभा ने बताया कि तपस्या से हमारे कर्म के गुच्छे झड़ जाते हैं अर्थात तपस्या करते समय हमारे अंदर निर्जरा के अतिरिक्त कोई भाव नहीं होना चाहिए। सोनू भूरा, मानसी छाजेड़, विनीत छाजेड़, ज्योति बेद, चिराग छाजेड़, दुलीचंद मरोठी, सुरेश बोथरा, रितिक बुच्चा व परिवार की बहनों द्वारा तप अनुमोदना की गई। सभा के अध्यक्ष बाबूलाल बुच्चा व जीवराज मरोठी ने अपने भावों की अभिव्यक्ति दी।

## ई-मित्र पर बनेंगे प्रवासी श्रमिकों के राशन कार्ड

**बीकानेर,** (कासं)। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री सुमित गोदारा ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय एवं भारत सरकार के निर्देशों की अनुपालना में राजस्थान के ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत सभी प्रवासी श्रमिकों को राशन कार्ड जारी किए जायेंगे।

उन्होंने बताया कि जिन प्रवासी श्रमिकों का राशन कार्ड नहीं बना हुआ है। वे अपने परिवार के सभी सदस्यों के ई-श्रम कार्ड तथा आधार कार्ड के साथ अपने नजदीकी ई-मित्र पर जाकर राशन कार्ड बनवा सकते हैं। यदि पूर्व में राशन कार्ड बना हुआ है, तो अपने ई-श्रम कार्ड और आधार कार्ड की राशन कार्ड में सीडिंग ई-मित्र से आवश्यक रूप से करवायें।

# बीकानेर जिले में बनेंगे 9 नए शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर

■ जिला कलेक्टर ने की समीक्षा, भूमि आवंटन के प्रस्ताव भिजवाने के निर्देश दिए

**बीकानेर,** (कासं)। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने कहा कि जिले में 9 नए शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाए जायेंगे। इनके लिए भूमि चिन्हीकरण एवं आवंटन का कार्य प्राथमिकता से किया जाए।

जिला कलेक्टर ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य और नगर विकास न्यास के अधिकारियों के साथ चर्चा के दौरान यह निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा घड़सीसर, शीतला गेट, अमरसिंहपुर लाल क्वार्टर, भीनासर, बजरंग धोरा, चकगर्बी, खतूरिया कॉलोनी, कैलाशपुरी और श्रीडूंगरगढ़ में नए शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाए जाने की स्वीकृति दी गई है।

इनके लिए नगर विकास न्यास अथवा संबंधित एजेंसी द्वारा भूमि आवंटन के प्रस्ताव अविलम्ब भिजवाए जाएं। जिला कलक्टर ने बताया कि प्रत्येक आरोग्य मंदिर भवन निर्माण के लिए पच्चीस-पच्चीस लाख रूपये व्यय किए जायेंगे।

यह भवन एनएचएम के माध्यम से बनवाए जायेंगे। इनमें एक चिकित्सक, दो जीएनएम, एक एएनएम और फार्मासिस्ट सहित कुल 7 कार्मिकों का स्टाफ होगा। इन आरोग्य मंदिरों में ओपीडी की सुविधा मुहैया करवाई जायेगी। इससे इन क्षेत्रों के लोगों को लाभ होगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश गुप्ता ने बताया कि वर्तमान में जिले में सात शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालित हैं। इनके माध्यम से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों को चिकित्सा सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि भवन निर्माण नहीं होने तक नए 9 आरोग्य मंदिरों का संचालन निजी भवनों में किया जायेगा। यह आरोग्य मंदिर शहरवासियों के लिए लाभदायक साबित होंगे। इनके चालू होने चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी।

# तिरंगा यात्रा रैली में वंदेमातरम् के जयघोष से राष्ट्रप्रेम में रंगा नजर आया शहर



हनुमानगढ़ में तिरंगा यात्रा में देशभक्ति के रंग में फहराया तिरंगा, लहराया तिरंगा। कलेक्टर कानाराम, विधायक गणेश राज बंसल, नगर परिषद सभापति सुमित रणवां की अगुवाई में रैली निकाली।

■ एडीएम मीना ने नशा मुक्त हनुमानगढ़ के लिए शपथ दिलाई

**हनुमानगढ़,** (कासं)। आजादी का अमृत महोत्सव के तहत 'हर घर तिरंगा' अभियान में शनिवार को जिलेभर में तिरंगा यात्रा निकाली। जिलेवासियों ने हर घर तिरंगा फहराने के साथ यात्रा में तिरंगा लहराते हुए देशभक्ति का गान किया।

महापर्व स्वतंत्रता दिवस से पूर्व इस यात्रा में भारत माता की जय, जय हिंद और वंदेमातरम के जयघोष से शहर राष्ट्रप्रेम में रंगा नजर आया। हर आयु वर्ग के हाथों में लहराते तिरंगों को देख राहगीरों ने भी माहौल को मोबाइल में संजोया। जिला स्तरीय तिरंगा यात्रा सुबह 9 बजे भगत सिंह सर्किल से प्रारंभ हुई। यहां विधायक गणेश राज बंसल, नगर परिषद सभापति सुमित रणवां, जिला कलेक्टर कानाराम ने यात्रा का नेतृत्व किया।

इसके बाद मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुनीता चौधरी और अतिरिक्त जिला कलेक्टर उम्मेदी लाल मीना की अगुवाई में यात्रा अंडरपास होते हुए नगर परिषद उप कार्यालय पहुंची। देशभक्ति के उल्लास में सराबोर जिलेवासियों ने कदमताल मिलाते हुए यात्रा का सफल बनाया। इसमें जिला प्रशासन के कार्मिक, सामाजिक संस्थाएं, खिलाड़ी, एनसीसी कैडेट, स्काउट व गाइड, नेहरू युवा केंद्र, स्कूल-कॉलेज विद्यार्थी, चिकित्सक, नर्सिंगकर्मी, राजीविका से जुड़ी महिलाएं, जिलेवासी, व्यापारी, जनप्रतिनिधि सहित हर वर्ग के लोगों ने तिरंगा थामा।

यात्रा में नगर परिषद आयुक्त सुरेन्द्र सिंह यादव, डीटीओ संजीव चौधरी, जिला शिक्षा अधिकारी हंसराज सहित जिला स्तरीय अधिकारी शामिल हुए। नगर परिषद उप कार्यालय में यात्रा का समापन हुआ। यहां राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान और सदैव रक्षा के लिए प्रतिज्ञा ली गई। एडीएम मीना ने नशा मुक्त हनुमानगढ़ के लिए भी शपथ दिलाई।

## कृष्णा स्पोर्ट्स फाइनल में पहुंचा

**बीकानेर,** (कासं)। जिला क्रिकेट संघ बीकानेर के तत्वावधान में जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के अन्तर्गत सादुल कल्ब क्रिकेट मैदान में शनिवार को प्रथम सेमी फाइनल मैच में कृष्णा स्पोर्ट्स ने रेस्ट ऑफ बीकानेर को 110 रनों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

जिला क्रिकेट संघ के सचिव रतन सिंह ने बताया कि कृष्णा स्पोर्ट्स ने पहले खेलते हुए निर्धारित 50 ओवर में 253 रन बनाये। जिसमें दक्ष सेठिया ने 74 रन, शोर्य मेहरा 31 रन, योगश तावडिया ने 26 रन, पवन व सरद ने 25 -25 रन बनाये। रेस्ट ऑफ बीकानेर के अनमोल ने 4 विकेट, व आयूष ने 3 विकेट लिए। लक्षय का पीछा करती रेस्ट ऑफ बीकानेर 38 ओवर में 143 पर ऑल आऊट हो गई। जिसमें आदित्य वत्स ने 30 रन, लखन शर्मा ने 26 रन बनाये। कृष्णा स्पोर्ट्स के गुरूमान सिंह ने 4 विकेट व सदाम खान ने 2 विकेट लिए। प्रवक्ता शंकर सेवग ने बताया कि दूसरा सेमीफाइनल मैच रविवार को सिडाना स्पोर्ट्स व बीसीए के मध्य खेला जायेगा।


**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर**

क्रमांक :- LU2012/SGN/2024-25/101089 **लोक सूचना** दिनांक : 07.08.2024

श्रीमती रेणुका दीक्षित पत्नी श्री राजीव दीक्षित निवासी आर-12, रिद्धि सिद्धि एन्कलेव-2, चक 2 एमएल, श्रीगंगानगर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :-

| क्र.सं. | ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं./भूमि का विवरण | क्षेत्रफल (हैक्टेयर) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चक 3 एफ छोटी तहसील व जिला श्रीगंगानगर | श्रीमती रेणुका दीक्षित पत्नी श्री राजीव दीक्षित | चक 3 एफ छोटी मुरब्बा नं. 01 के किला नं. 10/4 में 0.1004 है. यथाकुल 0.1004 हैक्टे. | कुल 0.1004 हैक्टेयर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 07.08.2024 को जारी की गयी।

- प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com

Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2024/3809 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 8.7.2024

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्रों में कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ रूपान्तरित योजना में चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 6/7 के किला नं. 21 में माप 20 इन्टू 37 फीट भूखण्ड संख्या 74 श्रीगंगानगर का पटटा संख्या 3803 दिनांक 21.03.2013 को श्री श्यामलाल पुत्र श्री भगतराम के नाम से जारी किया हुआ है। उक्त भूखण्ड को श्रीमती रीना पत्नी श्री पृथ्वीराज एवं श्री पृथ्वीराज पुत्र श्री रामदास निवासी गली नं. 7, चक 3 ई छोटी तहसील व जिला श्रीगंगानगर द्वारा जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 02.07.2024 द्वारा क्रय कर स्वामित्व के दस्तावेज, एवं शपथ पत्र प्रस्तुत कर न्यास कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी पटटे का समर्पण कर भूखण्ड की लीज हस्तान्तरित करवाते हुए फ्री होल्ड पटटा जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। अतः उक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय सबूत छाया दिनांक से 7 दिवस के अन्दर अन्दर न्यास कार्यालय के कमरा नं. 17 में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद गुजरने के उपरान्त आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के आधार पर राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 20, 25 एवं 27 की अनुपालना में कार्यवाही करते हुए फ्री होल्ड पटटा जारी कर दिया जावेगा। इस सम्बन्ध में न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।

- सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

# आपणां टाबर देश रो भविष्य, इणारो स्वस्थ रेवणो घणो जरूरी : खींवसर

**जयपुर/नागौर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने नागौर के खींवसर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बच्चों को कृमि नाशक दवाई खिलाकर प्रदेशभर में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान की शुरुआत की है।

चिकित्सा मंत्री ने मायड़ भाषा में आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि आपणां टाबर देश रो भविष्य है, भारत ने नवनिर्माण मांय आपणी नुवीं पीढ़ी रो घणो योगदान हुसी, इण वास्ते टाबरां अर किशोर-किशोरयां रे स्वास्थ्य रो ध्यान राखणो घणो जरूरी है। पेट रे मांय कीड़ा सूं मुक्ति भी टाबरां रे स्वास्थ्य वास्ते जरूरी है, इण वास्ते सरकार अगस्त महीनां री 10 तारीख ने गांव-ढाणी तक कृमि मुक्ति दिवस मनावे। कृमि अस्वछता और गदंगी सूं फैले है अर संक्रमित मिट्टी सूं संचारित हुवै और पेट में कीड़ा होवण सूं टाबरां मांय कई तरह की बीमारियां होवण रो डर रैवे। इण वास्ते टाबरां ने साल-छह महीनां सूं एक बार कृमि मुक्ति री दवा जरूर देवणी चाइजै।

स्वास्थ्य मंत्री ने 1 से 19 वर्ष तक की आयु वर्ग के बच्चों तथा किशोर-किशोरियों को एलबेंडाजॉल खिलाई। उन्होंने कहा कि इस साल कृमि मुक्ति दिवस पर राज्य में 1 वर्ष से 19 वर्ष तक के लगभग 3.33 करोड़ बच्चों व किशोर-किशोरियों को कृमि मुक्ति की दवा खिलाई जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि कृमि संक्रमण बच्चों के शारीरिक विकास, हीमोग्लोबिन स्तर, पोषण और बौद्धिक विकास पर भी हानिकारक प्रभाव डालता है। ऐसे में निश्चित समयांतराल पर कृमि मुक्ति करने से कृमि संक्रमण के फैलाव को रोका जा सकता है।

कार्यक्रम में निदेशक आरसीएच डॉ. सुनीतसिंह राणावत ने बताया कि पेट में कीड़े से निजात दिलाने वाली एल्बेंडाजॉल की दवा प्रदेश के सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों, तकनीकी शिक्षण संस्थानों, मदरसों और आंगनबाड़ी केन्द्रों पर निःशुल्क खिलाई जा रही है। इस अभियान के दौरान छूटे बच्चों को कृमिनाशक दवा खिलाने के लिए 17 अगस्त को मॉपअप दिवस आयोजित किया जाएगा ताकि एक भी बच्चा यह दवा खाने से नहीं छूटे।

कार्यक्रम में खींवसर पंचायत समिति प्रधान सीमा बीड़ियासर, ग्राम पंचायत खींवसर की सरपंच राजू देवी, परियोजना निदेशक, बाल स्वास्थ्य डॉ. प्रदीप चौधरी, संयुक्त निदेशक अजमेर जोन डॉ. सम्पतसिंह जोधा तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राकेश कुमावत सहित अन्य लोगों ने भाग लिया।



**चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने नागौर के खींवसर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बच्चों को कृमि नाशक दवाई खिलाकर प्रदेशभर में अभियान की शुरुआत की।**

- **इस साल कृमि मुक्ति दिवस पर राज्य में 1 वर्ष से 19 वर्ष तक के लगभग 3.33 करोड़ बच्चों व किशोर-किशोरियों को कृमि मुक्ति की दवा खिलाई जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है**

## कांग्रेस निकालेगी तिरंगा यात्रा

**जयपुर।** जयपुर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष आर आर तिवाडी के नेतृत्व में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 11 अगस्त को शाम 4 बजे सूरजपोल गेट से चांदपोल बाजार तक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। तिरंगा यात्रा के लिए सूरजपोल गेट,जयपुर पर सभी कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित होकर भारत माता की जय के नारे लगाते हुए तिरंगा यात्रा का शुभारंभ करेंगे। यात्रा सूरजपोल गेट से शुरू होकर रामगंज चौपड़, बड़ी चौपड़, छोटी चौपड़ होते हुए चांदपोल गेट के बाहर पहुंचकर सभा में तब्दील होगी। जिसके मुख्य अतिथि नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली होंगे। सभा को पूर्व मंत्री बी डी कल्ला सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष हेम सिंह शेखावत, ओबीसी विभाग के प्रदेश अध्यक्ष हरसहाय यादव, जयपुर ग्रामीण अध्यक्ष गोपाल मीणा, आमेर विधायक प्रशांत शर्मा संबोधित करेंगे।



**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार सुबह अपने आवास पर भगवान कार्तिकेय के वाहन, पक्षियों के राजा मोर को आहार प्रदान किया। ईश्वर द्वारा सृजित, भगवान श्रीकृष्ण की परछाई के रूप में विख्यात पक्षी मोर सौंदर्य, प्रेम एवं स्नेह का प्रतीक है। इनकी सेवा स्वयं में आराधना है, जो दैवीय कृपा से कम नहीं है।**

# लाखों रुपए के जेवर व नकदी लेकर नेपाली नौकर दम्पती फरार

- **आरोपियों ने पिता-पुत्र को नशीली कॉफी पिलाकर बेहाश किया**

**जयपुर।** वैशाली नगर थाना इलाके में पिता-पुत्र को नशीली कॉफी पिलाकर नेपाली नौकर दम्पती घर से लाखों रुपए के जेवरात व नकदी लेकर फरार हो गए। घटना का पता मंदिर से महिला के घर लौटने पर लगा। इस पर पीड़िता ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर मौके पर पहुंच कर पुलिस ने साक्ष्य लेकर जांच शुरू कर दी है। पिता-पुत्र का एक प्राइवेट अस्पताल में उपचार जारी है।

पुलिस ने बताया कि गोम डिफेंस कॉलोनी निवासी कृष्ण कुमार और उसके बेटा रोहित को शुक्रवार शाम को नौकर ने पीने को कॉफी दी। कॉफी पीने के बाद दोनों बेहोश हो गए। इसके बाद नेपाली नौकर दम्पती ने बेडरुम में रखी अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखी नकदी व जेवरात निकाल कर ले गए। घटना का पता मंदिर से कृष्ण कुमार की पत्नी के घर लौटने पर लगा। इस पर पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने नौकर दम्पती की तलाश शुरू कर दी है। थानाधिकारी रविंद्र सिंह ने बताया कि कृष्ण कुमार इनकम टैक्स डिपार्टमेंट से रिटायर है और उसका बेटा प्राइवेट काम करता है। घटना शुक्रवार शाम करीब सात बजे की है। घटना के समय कृष्ण कुमार की पत्नी मंदिर चली गई थी। कृष्ण कुमार ने नौकर दम्पति को कॉफी लाने को बोला। नौकर दम्पती ने कॉफी लाकर दी। कृष्ण कुमार और उसके बेटे ने साथ बैठकर कॉफी पी। कॉफी पीने के बाद दोनों बेहोश हो गए।

इसके बाद नौकर दम्पती ने अच्छे से घर को खंगाला और बेडरूम में रखी अलमारी से लाखों रुपए के जेवरात व नकदी ले गए। फिलहाल घर से गए सामान की पूरी जानकारी नहीं मिल पाई है। कृष्ण कुमार और उसके बेटे का एक निजी अस्पताल में उपचार जारी है। पूछताछ में सामने आया कि नौकर दंपति को 5 से 10 दिन पहले ही काम पर रखा था और उनका वेरिफिकेशन भी नहीं करवाया था। नौकर ने अपना नाम सुभाष और पत्नी का नाम भावना बताया था। पुलिस को घटना की जानकारी करीब साढ़े आठ बजे मिली।

थानाधिकारी ने बताया कि इस पूरे मामले घटना स्थल और उसके आस-पास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज मिली है। इसमें नौकर दम्पती नजर आ रहे है। उनकी खोजबीन में आधा दर्जन से अधिक टीमों को लगाया गया है। शहर भर में नाकाबंदी भी करवाई गई, लेकिन अभी तक नौकर दम्पती का पता नहीं चल पाया है। उम्मीद है जल्द ही नौकर दम्पती को पकड लिया जाएगा।

# जयपुर की 50 संस्थायें हर घर तिरंगा अभियान में जुटीं



**जयपुर।** हर घर तिरंगा अभियान में जयपुर के हर घर में सम्पर्क किया जायेगा। ये निर्णय आज संस्कृति युवा संस्था की और से आयोजित तिरंगा गोष्ठी में हुआ।

इस अवसर पर 50 से अधिक सामाजिक, नागरिक संस्थाओं ने निर्णय लिया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के देशभर में चलाये जा रहे हर घर तिरंगा अभियान में घर घर जाकर आमजन को इस अभियान की जानकारी दी जायेगी तथा 13 अगस्त से 15 अगस्त तक घरों पर दफ्तरों पर तिरंगा फहराने और सोशल मीडिया अकाउंट की डीपी में अपनी फोटो के साथ तिरंगे की फोटो लगाने की अपील की जायेगी।

इस अवसर पर आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुये भाजपा नेता एवं संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर हम सबको हर घर तिरंगा पहुंचाना है और आमजन से अपील करनी है कि घर-घर तिरंगा लगाया जाये। साथ ही सभी गैर सरकारी कार्यालयों में भी तिरंगा झंडा लगाकर देश के प्रति अपनी भावना प्रदर्शित करने का दिन है। मिश्रा ने इस अवसर पर कहा है कि देश की आजादी के लिये लाखो लोगो ने अपनी कुर्बानी दी, उनको नमन कर हम सबका दायित्व बनता है कि तिरंगे के स्वाभिमान को बढ़ाया जाये।

## 'युवा मोर्चा सभी विधानसभाओं में निकालेगा तिरंगा यात्रा'

**जयपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा राजस्थान के तत्वावधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी "हर घर तिरंगा अभियान" के तहत प्रदेशभर में तिरंगा यात्रा एवं तिरंगा बाईक रैली का आयोजन करेगा। भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष अंकित गुर्जर चेची ने आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में अभियान के तहत तिरंगा वितरण किया। इस दौरान चेची ने कहा कि भाजयुमो प्रत्येक विधानसभा स्तर पर तिरंगा रैलियों का आयोजन करेगा तथा शहीदों के स्मारकों के साथ महापुरूषों की प्रतिमाओं को अभिचान चलाकर स्वच्छ करेगा।

भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष अंकित गुर्जर चेची ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के 112वें संस्करण में 'हर घर तिरंगा अभियान' से जुड़ने का आव्हान किया था।

## श्री प्रेमभाया मंदिर में पार्थिव शिवलिंग पूजन आज

**जयपुर।** श्री प्रेमभाया मंडल समिति की ओर से शिवदासपुरा स्थित मंदिर श्री प्रेमभाया सरकार, हरियुगल विहार में 11 अगस्त को सामूहिक पार्थिव शिवलिंग पूजन किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष विजय किशोर शर्मा ने बताया कि सर्व समाज के करीब सवा सौ जोड़े पूजन करेंगे। इस अवसर पर श्री प्रेमभाया सरकार के वन विहार की झांकी सजाई जाएगी। श्री युगलेश्वर महादेव का रुद्री पाठ से अभिषेक किया जाएगा। आचार्य पं. अश्विनी चतुर्वेदी ने बताया कि प्रत्येक यजमान जोड़ा रूद्राभिषेक करेगा।

# डिग्गी कल्याण जी की 59वीं लक्खी पदयात्रा आज

**जयपुर।** डिग्गी कल्याण जी की 59वीं लक्खी पदयात्रा रविवार सुबह नौ बजे चौड़ा रास्ता स्थित ताडक़ेश्वर महादेव मंदिर से रवाना होगी। बीती रात से ही जयपुर के आसपास के गांवों से पदयात्री जयपुर के लिए रवाना होना शुरू हो गए। रविवार तड़के गोविंद देवजी के दर्शन कर पदयात्री चौड़ा रास्ता के बरामदों में डेरा डाल देंगे। सुबह हजारों की संख्या में पदयात्री कल्याण धणी के जयकारे लगाते हुए डिग्गी के लिए रवाना होंगे। लक्खी पदयात्रा के संचालक श्रीजी शर्मा ने बताया कि उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा, विधायक बालमुकुंदाचार्य, संत-महंत सहित अनेक विशिष्ट लोग मुख्य ध्वज का पूजन कर पदयात्रा को रवाना करेंगे। ध्वज की छत्रछाया में पदयात्री कनक दंडवत करते हुए मोतीडूंगरी गणेशजी मंदिर के दर्शन कर डिग्गी के लिए प्रस्थान करेंगे। पदयात्रियों के लिए चौड़ा रास्ता से सांगानेर तक सैंकड़ों स्थानों पर भंडारे लगाए जाएंगे। जहां फल, शर्बत, शिकंजी, छाछ, लस्सी, कचोरी, पकौड़ी, मिठाई, सब्जी-पूड़ी सहित खाने-पीने का सभी सामान होगा। विभिन्न संस्थाएं बड़े स्तर पर भंडारे लगाएंगी।

पदयात्री 11 अगस्त को मदरामपुरा, 12 को हरसूलिया, 13 को फागी, 14 को चौसला में रात्रि विश्राम करते हुए स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को डिग्गी मालपुरा के कल्याणजी मंदिर पर पहुंचेंगे। जहां भगवान श्री कल्याण को ध्वज अर्पित करने के बाद गंगाजल से भगवान का अभिषेक किया जाएगा। इस बार पदयात्रा में पांच से छह लाख श्रद्धालुओं के शामिल होने का अनुमान है। राजस्थान के अलावा मध्यप्रदेश के श्रद्धालु भी पदयात्रा में शामिल होते हैं।

## डबल शंकर महादेव कावड़ यात्रा आज

**जयपुर।** बाबा हरीशचंद्र मार्ग स्थित डबल शंकर महादेव मंदिर में रविवार को हजारों श्रद्धालु गंगा और गलता तीर्थ से लाये हुए जल से शिवलिंग का अभिषेक और पूजा अर्चना करेंगे। आयोजन समिति के संयोजक शरद खंडेलवाल और पूर्व महापौर ज्योति खंडेलवाल ने बताया कि कावड़ यात्रा प्रातः सात बजे गलता कुंड से शुरू होकर गलता गेट, सूरजपोल गेट, रामगंजबाजार बड़ी चौपड़ होते हुए चौड़ा रास्ता स्थित द्वारकाधीश मंदिर पहुंचेगी, जहां से 1100 महिलाएं कलश लेकर बैंड बाजों के साथ डबल शंकर महादेव मंदिर आएंगी। इसके बाद भगवान शिव का अभिषेक किया जायेगा।

# दोषमुक्त होने पर कंडक्टर का सेवा समाप्ति आदेश रद्द

- **अदालत ने अनुशासनात्मक अधिकारी को निर्देश दिये हैं कि याचिकाकर्ता को सुनवाई का मौका देते हुए उसकी पुनः नियुक्ति पर विचार करें**

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने क्रिमिनल केस में राजीनामे के आधार पर दोषमुक्त होने पर रोडवेज कंडक्टर का सेवा समाप्ति आदेश रद्द कर दिया है। इसके साथ ही मामले के अनुशासनात्मक अधिकारी को निर्देश दिया है कि वह याचिकाकर्ता को सुनवाई का मौका देते हुए उसकी दोषमुक्ति के आदेश को ध्यान में रख पुनः नियुक्ति पर विचार करें। जस्टिस अनूप ढंड ने यह निर्देश ओमप्रकाश यादव की याचिका पर दिया।

मामले से जुड़े अधिवक्ता सुनील कुमार सिंगोदिया ने बताया कि प्रार्थी को एक क्रिमिनल केस में दंडित करने पर उसकी सेवाएं खत्म कर दी थीं। इस आदेश को उसने एडीजे किशनगढ़वास के यहां पर अपील के जरिए चुनौती दी, लेकिन अपीलीय कोर्ट ने भी प्रार्थी को दोषी माना। इसे हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए कहा कि उसके व परिवादी के पक्ष में राजीनामा होने पर उसे 5 मई 2022 के आदेश से दोषमुक्त कर दिया है। उसने दोषमुक्त होने पर निगम के समक्ष सेवा खत्म करने वाले आदेश को रद्द कर उसे सेवा में बहाल करने का आग्रह किया, लेकिन निगम का कहना है कि सेवा खत्म करने वाले आदेश को किसी कोर्ट ने रद्द नहीं किया है, इसलिए उसे बहाल नहीं कर सकते। प्रार्थी ने कहा कि निगम की जांच कार्रवाई के दौरान वह न्यायिक अभिरक्षा में था और इसके चलते उसे अपना पक्ष रखने का पर्याप्त अवसर नहीं मिला। इसलिए उसका सेवा खत्म करने वाला आदेश रद्द कर उसे बहाल किया जाए।

## आई.आर.एस. अधिकारी के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

**जयपुर।** अहमदाबाद के आईआरएस अधिकारी के खिलाफ पत्नी ने शादी के डेढ़ साल बाद जयपुर में दहेज और मारपीट का केस दर्ज करवाया है। 16 जुलाई को पीड़िता पूरवा बागड़ी ने महिला थाना पश्चिम में शिकायत दी थी। मेडिकल जांच करने के बाद पुलिस ने आईआरएस अधिकारी चिराग झग्वाल (असिस्टेंट कमिश्नर आयकर विभाग अहमदाबाद) के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पीड़िता पूरवा ने बताया कि 13 मई 2022 को उनकी सगाई चिराग के साथ होटल रामबाग पैलेस में हुई थी।

परिवार की स्थित इतनी अच्छी नहीं थी, चिराग के परिवार की इच्छा अनुसार रिश्तेदारों से पैसा लेकर रामबाग पैलेस में सगाई करवाई। इस दौरान 5 लाख नगद, डायमंड की रिंग, चांदी की रिंग, चांदी का नारियल, चांदी का कलश सहित सगाई का कार्यक्रम किया गया। अक्टूबर 2022 के पहले सप्ताह में चिराग के परिवार ने शादी में एक वॉल्वो या फॉरच्यूनर कार, 1 करोड़ रुपए नगद लेने की मांग की। इस पर पीड़िता के माता-पिता ने चिराग के पिता को फोन से सम्पर्क किया। 7 अक्टूबर 2022 को उनके जयपुर के घनश्याम विहार बजरी मंडी स्थित निर्माणाधीन मकान पर मिलने गए। यहां पीड़िता के माता-पिता ने कहा कि आपकी मांग के अनुमार गाड़ी और एक करोड़ रुपए देने की हमारी हैसियत नहीं है। इस पर चिराग के माता-पिता महेश चन्द्र और कविता उर्फ कमला ने नाराज होकर कहा कि हमारा लड़का आईआरएस है। आयकर विभाग में है। इस दौरान कई मांगों पर सहमति बनी। 2 दिसम्बर 2022 को जयपुर के अजमेर रोड स्थित द पैलेस नरसिंहपुरा में शादी का कार्यक्रम आयोजित हुआ। बारात के स्वागत के समय 51 हजार रुपए नगद चिराग को दिए गए। शादी के दौरान डेढ़ लाख रुपए, कन्यादान में 7 लाख से ज्यादा दिए गए। इस दौरान चिराग, उसका भाई मोहित और माता-पिता नाराज हो गए। आपने हमारी समाज में बेइज्जती कर दी। हमारी हैसियत और मांग के अनुसार कैश राशि नहीं दी है। धमकी देने लगे की अब दुल्हन की विदाई नहीं होगी।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि युवती की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई है। पीड़ित पक्ष के परिवार के सभी सदस्यों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। एफआईआर के हिसाब से आरोपी पक्ष को भी पूछताछ के लिए बुलाया जा रहा है। मामले के हर पहलू पर जांच हो रही है।

## विद्यार्थियों ने खेल-खेल में सीखा योगा

**जयपुर ।** आर्ट ऑफ लिविंग जयपुर के स्वयंसेवकों ने केंद्रीय विद्यालय मानसरोवर के विद्यार्थियों के लिए हेल्थ एंड हैप्पीनेस शिविर का अयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान आर्ट ऑफ़ लिविंग की प्रशिक्षक रुचि शर्मा और अन्य स्वयंसेवकों ने विद्यार्थियों को योग, प्रणायाम और मेडिटेशन का महत्व बताया। विद्यार्थियों ने जाना कि कैसे वह योग के द्वारा अपने अंदर निरंतर सहजता और ख़ुशी को महसूस कर सकते हैं।

# टूटी सड़कों के कारण सीकर रोड पर भारी ट्रैफिक जाम, आमजन परेशान




**बारिश के कारण राजधानी जयपुर की अधिकांश सड़कें क्षतिग्रस्त हो गयी है। जयपुर-सीकर हाईवे की मुख्य सड़क में हरमाड़ा से लेकर 14 नंबर बाईपास तक जगह-जगह खड्ढ़े हो गए हैं। इस कारण यहां से गुजरने वाले वाहन दिनभर हिचकोले खाते हुए धीरे-धीरे रेंगते हैं। सड़क इतनी बुरी तरह जर्जर है कि वाहन चालक मजबूरन सिंगल लाइन में गाड़ियां चलाते हैं, ऐसे में यहां दिनभर भारी ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी हुई है। हरमाड़ा थाने से लेकर वी.के.आई. चौराहे तक अधिकांश समय यातायात जाम की समस्या रहने से लोगों को परेशानियां झेलनी पड़ रही है।** फोटो : राष्ट्रदूत

## ग्रेटर निगम ने शुरू किया सामुदायिक कम्पोस्ट पिट



**जयपुर ।** कचरा प्रबंधन में सुधार के उद्देश्य से नगर निगम ग्रेटर जयपुर ने वार्ड134 में एक सामुदायिक कम्पोस्ट पिट का शुभारंभ किया है। यह पहल गीले कचरे के प्रभावी निपटान के लिए की गई है और स्थानीय निवासियों की सक्रिय भागीदारी से इसे अंजाम दिया गया है।

इस आयोजन की अध्यक्षता मालवीय नगर जोन उपायुक्त अर्शदीप बराड़ ने की, जिन्होंने रिबन काटकर पिट का उद्घाटन किया और इसके बाद पिट का पूजन भी किया। यह कदम नगर निगम की कचरा प्रबंधन समस्याओं का समाधान ढूंढने और नवाचारी उपायों को अपनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

उपायुक्त अर्शदीप बराड़ ने बताया कि यह सामुदायिक कम्पोस्ट पिट गीले कचरे के निपटान में सहायक होगा और इसे घर पर कम्पोस्टिंग प्रथाओं के साथ मिलाकर उपयोग किया जाएगा। स्थानीय निवासियों ने भी इन प्रथाओं को अपनाया है, जो स्थायी कचरा प्रबंधन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

इस पिट के शुभारंभ से वॉर्ड में कचरा प्रबंधन की प्रक्रिया में सुधार होगा, पर्यावरणीय प्रभाव कम होगा, और एक साफ-सुथरे और हरित वातावरण को बनाए रखने में मदद मिलेगी।

इस अवसर पर निगम टीम, निगम पीआईयू टीम, फिनलूप टीम, वीकेयर टीम और विकास समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को पेट के कीड़ों की दवा एल्बेंडाजॉल की गोली खिलाई

**नोखा,** (कासं)। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर शनिवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय उतराधी ढाणिया बिलनियासर में अध्यनरत समस्त विद्यार्थियों को कृमिनाशक दवा खिलाई।

प्रधानाध्यापक रामकिशन गोदारा ने बताया कि एएनएम विनोद कुमारी तथा आशा उदी देवी के नेतृत्व में यह दवा बच्चों को खिलाई गई जो कि बच्चों के स्वस्थ शरीर के लिए महत्वपूर्ण है। वंचित रहने वालों को माप अप दिवस 17 अगस्त को दवा खिलाई जायेगी। बच्चों में कुपोषण को रोकने तथा शारीरिक एवं मानसिक विकास को बढ़ाने के लिए यह दवा बहुत ही उपयोगी है। इस दौरान शिक्षिका सरोज बिश्नोई, किरण बाला, शिक्षक धर्माराम डूकिया, कुक कम हेल्पर मुन्नी कंवर, रामेति सहित अभिभावक मौजूद थे।



नोखा के राजकीय प्राथमिक विद्यालय उतराधी ढाणिया बिलनियासर में बच्चों को कृमिनाशक दवा की खुराक खिलाई।

- जिले के विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों, सरकारी एवं निजी विद्यालयों, मदरसों और तकनीकी संस्थानों में जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने कृमि मुक्ति दिवस की शुरूआत की

**हनुमानगढ़**। जिले में शनिवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। जिले के विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों, सरकारी एवं निजी विद्यालयों, मदरसों और तकनीकी संस्थानों में जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने कृमि मुक्ति दिवस की शुरूआत की। जिला स्तरीय कार्यक्रम जंक्शन में कैनाल कॉलोनी में महात्मा गांधी उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया गया। जिला कलेक्टर कानाराम ने बच्चों को एल्बेंडाजॉल की दवा खिलाकर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की। सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा, एसीएमएचओ डॉ. ज्योति धींगड़ा, एसओ करीना सहारण एवं अन्य अधिकारियों ने भी बच्चों को दवा खिलाई। खण्ड स्तर पर भी आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं शिक्षण संस्थानों में कृमि मुक्ति दिवस आयोजित किया गया। जिला एवं खण्ड स्तरीय अधिकारियों कृमि मुक्ति दिवस का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला कलेक्टर कानाराम ने कहा कि कृमि संक्रमण बच्चों के शारीरिक विकास, हीमोग्लोबिन स्तर, पोषण स्तर और बौद्धिक विकास पर हानिकारक प्रभाव डालता है। कृमि बच्चों के पेट में होते हैं, जो बच्चों के विकास पर हर प्रकार से प्रभावित करते हैं। कृमि के फैलाव को निश्चित समयांतराल पर कृमि मुक्त कर रोका जा सकता हैं। जिसके लिए सभी अभिभावक कृमि नाशक दवा एल्बेंडाजॉल की गोली अपने बच्चों को अवश्य खिलवायें। स्कूल की 9 वीं कक्षा की बच्ची रूपाली जांगिड़ ने नशा एवं उससे होने वाली हानिकारक प्रभावों के बारे में जानकारी दी, जिसकी सभी ने तारीफ की।

अभियान के बारे में जानकारी देते हुए सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि जिले में शनिवार को 6 साल से 19 साल तक के सभी बच्चों को शिक्षण संस्थानों में एवं एक से पांच साल तक के बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्रों पर कृमिनाशक दवा खिलाई गई। उन्होंने कहा कि जिले में लगभग 8 लाख बच्चों को कृमिनाशक दवा खिलाई जायेगी।

उन्होंने बताया कि एक से दो साल के बच्चों को आधी गोली चूरा बनाकर चम्मच में पानी साथ, जबकि दो से तीन साल के बच्चों को एक पूरी गोली चूकर पानी के साथ और तीन से 19 साल के बच्चों व किशोर-किशोरियों को एक पूरी गोली चबा कर पानी के साथ दी गई। उन्होंने कहा कि वंचित बच्चों को शनिवार, 17 अगस्त को मॉपअप राउंड आयोजित कर दवा खिलाई जायेगी।

## खाद्य सुरक्षा योजना में अब जुड़ेंगे नाम

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत राशन कार्डों में नाम जुड़वाने के लिए लंबित पड़े आवेदनों के निस्तारण के संबंध में दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं।

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के उपायुक्त एवं उपशासन सचिव ने नाम जुड़वाने के लिए प्राप्त आवेदनों के 8 अगस्त से निस्तारण करने के लिए पोर्टल पर आवश्यक प्रावधान करने के निर्देश दिए हैं। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत राज्य सरकार ने 27/9/2018 को अधिसूचना जारी कर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के अंतर्गत नाम जोड़ने एवं हटाने के मापदण्ड निर्धारित किए थे। उस समय प्रदेश भर में पात्र लोगों ने राशन कार्डों में नाम जुड़वाने के लिए आवेदन किए थे। लेकिन बाद में नाम जोड़ने के काम पर रोक लगा दी गई। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने लंबित आवेदनों का निस्तारण करने के संबंध में दिशा निर्देश जारी किए हैं।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जोड़ने के लिए प्राप्त आवेदनों की जांच एवं समयबद्ध निस्तारण के कार्य का प्रभावी पर्यवेक्षण जिला कलेक्टर करेंगे। इस कार्य के लिए जिले में कार्यरत राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी जैसे- सहायक कलेक्टर एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट या अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी आदि का सहयोग लिया जा सकेगा।

## सार-समाचार

### 31 पीपल के पेड़ लगाएं



'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में गोचर भूमि में 31 पीपल के पेड़ लगाए।

**बीकानेर,** (कासं)। सावन के महीने में आज 'एक पेड़ मां के नाम' के अभियान के तहत गोचर भूमि के पास 31 पीपल के पेड़ मातृशक्ति व पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ लगाएं और मौके पर मौजूद सभी ने अधिक से अधिक पेड़ लगाने की शपथ ली। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष विजय उपाध्याय ने कहा कि प्रगति और पर्यावरण तभी बचेंगे जब करोड़ों की संख्या में पेड़ लगेंगे। जिससे वातावरण संतुलित रहे और ऑक्सीजन की मात्रा अधिक रहे। इस मौके पर गौ सेवक देवकिशन चांडक, विमला देवी चांडक, कांता देवी लड्ढा, नंदकिशोर चांडक, मनीष, मोहन पिलानिया, लोकेश मोदी, राजेंद्र किराडू ,राजू चांडक, शिवशंकर अंकित, विष्णु चांडक, मनीष, दीपक, पृथ्वी सिंह आदि सैकड़ों पर्यावरण प्रेमी मौजूद थे।

### संस्कृति ज्ञान पुस्तक का विमोचन



संस्कृति ज्ञान बोध परियोजना पुस्तक का विमोचन विद्यालय प्रबंध समिति के सह व्यवस्थापक शैलेन्द्र बिश्नोई ने किया।

**नोखा,** (कासं)। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक हिम्मटसर में शनिवार को अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान बोध पुस्तक का समारोहपूर्वक विमोचन कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें विद्यालय प्रबंध समिति के व्यवस्थापक मनोज कुमार शर्मा, सह व्यवस्थापक शैलेन्द्र कुमार बिश्नोई, अभिभावक भानुप्रकाश, महेंद्रदास रामावत, ब्रजमोहन मेहरडा, विद्यालय के प्रधानाचार्य भागचंद बिश्नोई व समस्त आचार्य व दीदी द्वारा किया गया। प्रधानाचार्य ने बताया कि संस्कृति बोध परियोजना का उद्देश्य विद्यार्थियों और समाज को अपनी संस्कृति का बोध करवाना और भारतीय संस्कृति की जड़ों से जुड़े रहे इस हेतु संस्कृति ज्ञान परीक्षा, निबंध प्रतियोगिता, संस्कृति महोत्सव, संस्कृति कार्यशालाएं, चित्र संच ,साहित्य प्रकाशन ,विचार गोष्ठियां, संस्कृति संग्रहालय, संस्कृति शोध व संगीत प्रशिक्षण उक्त नौ आयामों के द्वारा विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन करवाकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। जिससे समाज को अपने प्राचीन साहित्य, संस्कृति, ज्ञान, विज्ञान की जानकारी हो।

### कृषक उपहार योजना के चैक बांटे

**गजसिंहपुर,** (कासं)। स्थानीय कृषि उपज मंडी समिति द्वारा कृषक उपहार योजना व इनाम विक्रय पर्ची के आधार पर विजेताओं को मंडी समिति प्रांगण में उपहार चैक बांटे गये। मंडी समिति सचिव सूबे सिंह रावत ने बताया कि विक्रय पर्चीयों व ई नाम के आधार पर जुलाई माह में आनलाइन लाटरी निकाली गई थी। इसमें हेमंत शर्मा को प्रथम पुरस्कार 25 हजार व तृतीय पुरस्कार 10 हजार के दो पुरस्कार निकलने पर 35 हजार का चैक दिया गया। त्रिलोचन सिंह को 15 हजार रूपये का द्वितीय पुरस्कार का चैक प्रदान किया गया। इसी प्रकार विक्रय पर्ची के आधार पर प्रथम पुरस्कार 25हजार कुलदीप सिंह को व वीर सिंह यादव को 15 हजार का द्वितीय पुरस्कार तथा खजाना सिंह को 10 हजार का तृतीय पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह हुंदल व महेश मंगल तथा मंडी समिति स्टाफ में सुनील कुमार तथा गुरविंदर सिंह व अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### दीक्षान्त समारोह आयोजित

**चूरू,** (कासं.)। आदान विक्रेताओं के लिए कृषि विस्तार सेवाओं में डिप्लोमा पाठ्यक्रम का दीक्षान्त समारोह शनिवार को परियोजना निदेशक (आत्मा) कार्यालय में विधायक हरलाल सहारण के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान दीपचन्द राहड़ ने की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये विधायक हरलाल सहारण ने डिप्लोमा प्राप्त कृषि आदान विक्रेताओं से कृषक हित में कार्य करने की अपील की। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार शीघ्र ही चूरू में कृषि महाविद्यालय खोलने जा रही है, जो आपके लिये बहुत ही लाभदायक होगा। प्रधान दीपचन्द राहड़ ने कृषि को भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी बताते हुए इससे जुड़े सभी लोगों को कृषक कल्याण के लिये कार्य करने पर बल दिया। कार्यक्रम में भाजपा नेता विक्रम सिंह कोटवाद व दीनदयाल सैनी ने इस डिप्लोमा पाठ्यक्रम को रोजगार सृजन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए इसे कृषक हित के कार्यक्रमों में वृद्धि करने पर बल दिया।

# कार्यशाला में विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण की दी जानकारी

**बीकानेर,** (कासं)। श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा गंगाशहर के तत्वावधान में विद्यार्थियों के जीवन निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत तेरापंथ युवक परिषद् गंगाशहर ने विजय गीत से की।

स्वागत वक्तव्य तेरापंथी सभा गंगाशहर के निवर्तमान अध्यक्ष अमरचन्द सोनी ने देते हुए कहा कि आज के कार्यक्रम की सानिध्य प्रदान कर्त्ता साध्वी चरितार्थ प्रभा व प्रांजल प्रभा, साध्वी दीक्षा से पूर्व समणी काल में दुनियां के अनेक देशों में भारतीय व जैन संस्कृति के बारे में प्रवचन दिए और बड़े-बड़े विश्वविद्यालयों में पढ़ाया। विषय प्रवर्तन करते हुए तेरांपथी महासभा के संरक्षक और आयोजन प्रभारी जैन लूणकरण छाजेड़ ने कहा कि तेरापंथी सभा गंगाशहर ने यह कार्यक्रम इसलिए आयोजित किया है की विद्यार्थियों का भविष्य उज्जवल बने। हर नया दिन हमें एक नई शुरूआत करने का अवसर देता है। जब हम भविष्य की बात करते हैं, तो हमारे सामने कई चुनौतियां और संभावनाएं होती हैं। परंतु यह हमें तय करना होता है कि हम इन चुनौतियों का सामना कैसे करते हैं और इन संभावनाओं को कैसे साकार करते हैं।



श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा गंगाशहर में विद्यार्थियों के जीवन निर्माण कार्यशाला को साध्वी चरितार्थ प्रभा ने संबोधित किया।

छाजेड़ ने कहा कि हमारा वर्तमान हमारे भविष्य का आधार है। अगर हम आज सही दिशा में कदम बढ़ाते हैं, तो हमारा भविष्य निश्चित रूप से उज्ज्वल होगा। अगर हम सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ते हैं, तो कठिनाईयां भी सरल हो जाती हैं। इतिहास गवाह है कि जिन लोगों ने कभी हार नहीं मानी, वे अंततः अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में सफल रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारा भविष्य हमारे आज के प्रयासों पर निर्भर करता है। हमें अपने वर्तमान को सुदृढ़ बनाना होगा ताकि हमारा भविष्य उज्ज्वल और समृद्ध हो। अपना दृष्टिकोण सकारात्मक रखें व सोच को अनेकांतवादी रखें। अपना भविष्य को बेहतर बनाने का अवसर है।

## रेलवे ट्रैक के पास मिले चोटिल दो युवकों के शव

**बीकानेर,** (कासं)। गंगाशहर थाना क्षेत्र के दो युवकों के शव बाईपास पुलिया के नीचे उदयरामसर की तरफ जा रहे रेलवे ट्रैक के पास मिलने पर इलाके में सनसनी फैल गई।

बताया जा रहा है कि एक युवक का सिर फटा, दूसरे के सिर व हाथ पैर पर गंभीर चोटें लगी थी। दोनों मृतक पड़ौसी और बचपन से ही घनिष्ठ मित्र बताए जा रहे हैं। सूचना पर गंगाशहर पुलिस मौके पर पहुंची। एएसआई रामफूल मीणा के अनुसार राजेश व छगन दोनों जिगरी दोस्त थे। राजेश ने दो बार शादी की। दोनों लड़कियां बिहार की थी, दोनों ही चली गई।

कांस्टेबल सीताराम की जानकारी के मुताबिक मृतकों की पहचान शिवा बस्ती गंगाशहर निवासी 27 वर्षीय राजेश माली पुत्र बिरजू माली व 27 वर्षीय छगन माली पुत्र चंदू माली के रूप में हुई है। असहाय सेवा संस्थान के राजकुमार खड़गावत, लक्ष्मण सिंह, त्रिलोक व भरत शवों को मोर्चरी शिफ्ट करवाने के लिए पहुंचे। पुलिस के अनुसार दोनों रात से ही घर से गायब थे। घटनास्थल पर पानी की बोतल, नमकीन का पैकेट आदि मिले हैं।

# तिरंगा रैली में दिखा देशभक्ति का जज्बा

- रैली का जगह-जगह पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया

**सादुलशहर,** (कासं)। केन्द्र सरकार की ओर से शुरू किए गए आजादी का अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए कार्यक्रमों के तहत जिला कलेक्टर लोकबंधु व उपखण्ड अधिकारी शिवा चौधरी के निर्देशों की पालना में शनिवार को नगर पालिका की ओर से भव्य तिरंगा रैली व हस्ताक्षर अभियान का आयोजन पालिका अध्यक्ष कांता खीचड़ की अध्यक्षता में किया गया।

मुख्य अतिथि विधायक गुरवीर सिंह बराड़ ने रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया व हस्ताक्षर अभियान के तहत हस्ताक्षर किए। रैली का आगाज शहर के अम्बेडकर सर्किल से हुआ जो शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई नगर पालिका भवन पहुंची। यहां रैली का समापन हुआ। शहरवासियों की ओर से रैली का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। रैली में देशभक्ति के गीतों से ओत-प्रोत डीजे चल रहा था, जिससे पूरा शहर का माहौल देशभक्तिमय हो गया।

महाराजा अग्रसेन चौक पर सामाजिक कार्यकर्ताओं की ओर से रैली में शामिल स्कूली विद्यार्थियों को फलाहार व रैली समापन स्थल पर अल्पाहार करवाया गया। समापन स्थल पर विद्यार्थियों को हर घर तिरंगा फहराने की शपथ दिलाई गई। रैली का संचालन शारीरिक शिक्षक विपिन मोदी ने किया। रैली में तहसीलदार मुकुल टाक, नगर पालिका इओ राकेश कुमार मेहंदीरत्ता, सफाई निरीक्षक हरप्रीत कौर, सीबीईओ सुभाष झटवाल, प्रधानाचार्य नवल मदान, पार्षद संजीव खीचड़ व मनीष शर्मा, प्रबुद्ध नागरिक रामगोपाल धींगड़ा, रेशम सिंह वांदर, डॉ. विजय निराणियां, नोहित गर्ग, मनोज मोदी, अमन मक्कड़, गुरतेज सिंह रामगढिया, हेमंत सोनी, सुरेन्द्र जलंधरा, डॉ. अजय नायक, मोहित चुघ, सतनाम बाजीगर, गुग्गु सिंह , विकास बजाज सहित बड़ी संख्या में नगरवासी व विद्यार्थी शामिल हुए।

# उपखंड स्तर पर फसल कटाई प्रशिक्षण कल से

**बीकानेर,** (कासं)। उपखंड मुख्यालय स्तर पर एक दिवसीय फसल कटाई प्रशिक्षण खरीफ का आयोजन 12 से 23 अगस्त तक किया जायेगा।

प्रभारी अधिकारी (भू-अभिलेख) ने बताया कि श्रीडूंगरगढ़ में 12 अगस्त को, नोखा उपखण्ड मुख्यालय पर 13 अगस्त को नोखा व जसरासर तहसील क्षेत्र तथा बज्जू उपखण्ड मुख्यालय पर 14 अगस्त को प्रशिक्षण आयोजित किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि कोलायत उपखंड मुख्यालय पर 16 अगस्त को हदां, कोलायत और गजनेर तहसील क्षेत्र के लिए, छतरगढ़ में 20 अगस्त, पूगल में 22 अगस्त को पूगल व खाजूवाला तहसील क्षेत्र का एवं लूणकरणसर में 23 अगस्त को प्रशिक्षण आयोजित किए जायेंगे।

प्रभारी अधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षण में सम्बन्धित क्षेत्रों के तहसीलदार, नायब तहसीलदार, ऑफिस कानूनगो एवं भू-अभिलेख निरीक्षक, कृषि अधिकारी, कृषि पर्यवेक्षक एवं उपखण्ड में कार्यरत सांख्यिकी सेवा कर्मचारी, पंचायत के प्रगति प्रसार अधिकारियों सहित कृषि विभाग के अधिकारी व पर्यवेक्षक आदि उपस्थित रहेंगे।

## शहर की सड़कें खस्ताहाल

**बीकानेर,** (कासं)। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव राहुल जादुसंगत ने बताया कि बीकानेर शहर की सड़कों की स्थिति बहुत खराब है।

उन्होंने कहा कि बीकानेर शहर की कॉलोनी, मोहल्ला, गली या मुख्य बाजार की सड़कों आलम ऐसा है कि फड़ बाजार में पैदल चलना जैसे की सावधानी हटी और दुर्घटना घटी जैसी स्थिति बनी हुई है। बीकानेर शहर की सड़कों की हालत बहुत खराब परंतु सुनने वाला कोई नहीं है। बीकानेर शहर की ज्यादातर सड़कें टूटी हुई और उसमें गहरे गड्ढे और उसमें बरसात का पानी भर जाने से यह दिखाई नहीं देते जिससे कारण दुपहिया वाहन चालक गिर जाते है।

# सड़क पर कब्जा कर बनाये अवैध चबूतरे को हटाया

- कलेक्टर के निर्देश पर नगर परिषद अमले ने आकर अवैध निर्माण को हटाया

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। कोडा चौक के पास पेट्रोल पंप की भूमि क्षेत्र में एक व्यक्ति ने वहां बस को आड़े तिरछी खड़ा कर सड़क हिस्से में चबूतरा निर्माण शुरू कर दिया। कलेक्टर के निर्देश पर नगर परिषद अमले ने आकर अवैध निर्माण हटाया।

नगर परिषद के जेईएन जितेन्द्र कुमार मीणा ने बताया कि आयुक्त के निर्देश मिलने के बाद एईएन सुमित माथुर की अगुवाई में कोडा चौक पहुंचे। वहां दो दुकानों के आगे चबूतरा बनाने का निर्माण चल रहा था। यह निर्माण सड़क हिस्से की भूमि पर किया जा रहा था। मौके पर अमले को बुलाकर यह अतिक्रमण साफ कराया गया। इससे पहले गोल बाजार के कुमार ब्रदर्स फर्म के संचालक खुशबीर सिंह पुत्र रामशरण ने जिला कलेक्टर से शिकायत की। इसमें बताया कि फर्म जसवंत सिंह एंड सन्स के प्रतिनिधियों ने स्वीकृत मास्टर प्लॉन की अवहेलना करते हुए अस्सी फीट चौड़ी सड़क में से बीस फीट जगह गोलाई में अनाधिकृत कब्जा कर निर्माण एवं पेट्रोल पंप में इस्तेमाल की। इसकी शिकायत नगर परिषद, डीएलबी व संभागीय आयुक्त से की। इसके अलावा कलेक्टर के पास 18 जनवरी को भी शिकायत की गई, लेकिन अभी तक कोई एक्शन नहीं लिया गया है। अब कोडा चौक के सामने सड़क कॉर्नर को दुकान का हिस्सा बताकर पक्का निर्माण कराया जा रहा है।

# 'धरती पर जीवन के लिए पेड़ लगाना और इनकी सार संभाल करना जरूरी'

**बीकानेर,** (कासं)। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत शनिवार को मुख्यमंत्री पुनर्वास गृह कामकाजी महिला छात्रावास में रहने वाली बालिकाओं द्वारा पौधारोपण किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर परिषद के पूर्व अखिलेश प्रताप सिंह थे। युवा भारत संस्थान के सचिव दिनेश पांडे, इंदु पांडे, जितेंद्र कुमावत, चित्र कश्यप, मनीष कश्यप और मनोज ने कार्यक्रम को संबोधित किया। मुख्य अतिथि अखिलेश प्रताप सिंह ने कहा कि हम सबका कर्तव्य है कि धरा को हरा-भरा रखने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाएं। उन्होंने कहा कि पीपल एक ऐसा पेड़ है, जो रात-दिन 24 घंटे ऑक्सीजन देता है। दिनेश पांडे ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने और धरती पर जीवन के लिए पेड़ लगाना और इनकी सार संभाल करना जरूरी है। पुनर्वास गृह संचालिका इन्दु पांडेय ने कहा कि पर्यावरण असंतुलन के संकट से बचने के लिए पौधारोपण जरूरी है। इस दौरान कामकाजी महिला छात्रावास की पूजा मेहरा, संध्या मेहरा, छात्राओं तथा रह वासियों ने भाग लिया।



'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में मुख्यमंत्री पुनर्वास गृह कामकाजी महिला छात्रावास में रहने वाली बालिकाओं ने पौधारोपण किया।

- अशोक व चंपा, शीशम आदि के 51 पौधे लगाकर उनकी देखभाल के लिए संकल्प लिया

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मोतीगढ़ के शिक्षक व विद्यार्थियों ने शनिवार को अपनी मां के नाम पर अशोक व चंपा, शीशम आदि के 51 पौधे लगाकर उनकी देखभाल के लिए संकल्प लिया। शाला के कार्यक्रम अधिकारी मोहर सिंह सलावद ने बताया कि इस अवसर पर शाला प्राचार्य सीमा मैथिल ने कहा कि जैसे मां ने आपको पाल कर बड़ा किया, वैसे ही आप अपने मां के नाम के पेड़ का भी वैसे ही पालन पोषण कर प्रकृति का कर्ज उतारें। तभी हमारा जीवन सुरक्षित हो पाएगा। कार्यक्रम अधिकारी मोहर सिंह सलावद ने कहा की आज पर्यावरण को बचाने के लिए ये अभियान बिना प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता के गति नहीं पकड़ सकता। इसलिए प्रत्येक बालक पौधारोपण अभियान का ब्रांड एम्बेसडर बनकर अभियान से अपने परिवार के प्रत्येक व्यक्ति को भी जोड़ें व इस अभियान को सफल बनाएं । इस अवसर पर सभी विद्याथिर्यों को एक एक पेड़ वितरित करके उन्हे लगाकर बड़े होने तक देखभाल करने की शपथ दिलवाई। कार्यक्रम में प्राचार्य सीमा मैथिल,व्याख्याता विनोद कुमार, उर्मिला,कार्यक्रम अधिकारी मोहर सिंह सलावद,वरिष्ठ अध्यापक धर्मपाल, रीना प्रजापत,जयसिंह राठौड़,विधालय सहायक भंवरसिंह भाटी, शारीरिक शिक्षक भजनलाल, बिनोद वाला सहित छात्र उपस्थित रहे।

वहीं इंडियन ऑयल की ओर से कल्ला इंडेन के तत्वावधान में मुरलीधर कॉलोनी स्थित एसडीपी स्कूल में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में कलाकारों ने नाटक के माध्यम से एलपीजी बुकिंग नबर, एलपीजी लीकेज नंबर, छोटू सिलेंडर, कंपोजिट सिलेंडर तथा कुक टॉप के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में वितरक राकेश कल्ला तथा प्रधानाध्यापिका सीमा पुरोहित व अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

# 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम में बाइक रैली निकाली

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार 'हर घर तिरंगा'कार्यक्रम के तहत जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। शनिवार को गंगानगर विधायक जयदीप बिहाणी और नगर परिषद सभापति गगनदीप कौर की अगुवाई में बाइक रैली निकाली गई।

- गंगानगर विधायक ने नशा नहीं करने की शपथ दिलाई
- हर घर तिरंगा कार्यक्रम में बाइक रैली निकाली

नगर परिषद आयुक्त यशपाल आहूजा ने बताया कि अभियान के तहत 9 अगस्त को प्रातः सफाई कर्मचारी व नरेगा श्रमिकों को शपथ दिलवाई गई। 10 अगस्त को पूर्व निर्धारित समय अनुसार बाइक रैली विधायक जयदीप बिहाणी एवं सभापति गगनदीप कौर की अगुवाई में निकाली गई। रैली को जिला कलेक्टर लोकबन्धु ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह रैली गंगासिंह चौक नगर परिषद से प्रारम्भ होकर सुखाड़िया सर्किल भारत माता चौक पर समाप्त हुई। इस दौरान एडीएम प्रशासन वीरेन्द्र सिंह चौधरी, हरविंदर सिंह पांडे सहित अन्य मौजूद रहे। आहुजा ने बताया कि रैली में विधायक जयदीप बिहाणी, पार्षदगण, परिषद् अधिकारी कर्मचारियों व आमजन ने भाग लिया। सुखाड़िया सर्किल भारत माता चौक पर जिला कलक्टर द्वारा राष्ट्रीय ध्वज सम्मान तिरंगा की शपथ दिलवाई गई।



गंगानगर विधायक जयदीप बिहाणी व नगर परिषद सभापति गगनदीप कौर की अगुवाई में तिरंगा बाइक रैली निकाली।

